तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 13 अगस्त 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4

भोजली विसर्जन में शामिल हुईं नपाप बांकीमोंगरा अध्यक्ष




## खबर संक्षेप

### नवोदय की कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु आवेदन तिथि बढ़ी

**कोरबा।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 11वीं की आवेदन की तिथि बढ़ाई गई है। कक्षा 11वीं वर्तमान सत्र 2025-26 के लिए विद्यालय में कुल 11 रिक्त सीटों जिसमें से 10 कला संकाय और 01 विज्ञान संकाय के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन सीटों को कोरबा जिले के मान्यता प्राप्त विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा भरा जाना है। जो विद्यार्थी इसी वर्ष कक्षा दसवीं उत्तीर्ण किए हुए हो वे आवेदन कर सकते हैं। आवेदक नवोदय विद्यालय समिति के वेबसाइट से फॉर्म डाउनलोड कर उसे पूर्ण भरकर नवोदय विद्यालय कोरबा की मेल आईडी पर प्रेषित कर सकते हैं या ऑफलाइन मोड पर भी आकर जमा कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 अगस्त है।

### इण्डस्ट्री एवं बैंकर्स मीट का आयोजन आज

**कोरबा।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कोरबा द्वारा आरएएमपी योजना के अंतर्गत एमएसएमई उद्यमियों को बैंकिंग सेवाओं, ऋण योजनाओं एवं वित्तीय सहायता की उपलब्धता से अवगत एवं लाभान्वित कराने हेतु इण्डस्ट्रीज एवं बैंकर्स मीट का आयोजन 13 अगस्त को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में रखा गया है। संस्था के महाप्रबंधक ने बताया कि यह कार्यक्रम बैंक अधिकारियों एवं उद्यमियों के बीच प्रत्यक्ष संवाद का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा जिससे ऋण वितरण में आ रही बाधायें जैसे- ऋण अस्वीकृति, दस्तावेजों की कमी आदि पर चर्चा खुलकर हो सकेगी।

### रजगामार चौकी क्षेत्र के ग्राम कोरकोमा का मामला

# जहरीली शराब के मामले में इलाज के दौरान तीसरे की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

12 दिनों पूर्व एक गांव में शराब सेवन के बाद आधा दर्जन लोगों की तबियत बिगड़ गई थी जिसमें से दो लोगों की मौत हो गई जिसमें से बाकी लोगों को मेडिकल हॉस्पीटल में दाखिल कराया गया था जिसमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई थी। लंबे इलाज के बाद 56 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई है।



मृतक राजाराम

**खास बात**

- पहले दिन ही दो लोगों की हो चुकी थी मौत

मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरु कर दी है।

उल्लेखनीय है कि रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोरकोमा निवासी राजबीन बाई चौहान उम्र 65 वर्ष पति स्वर्गीय टीकसराम चौहान के घर 30 जुलाई को उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत दादरकला भैसमा निवासी उसका नाती दामाद जेल सिंह चौहान 32 वर्ष पिता छतर राम चौहान बुधवार को मेहमानी में पहुंचा था। जहां नाती दामाद के आने की खुशी में राजबीन बाई के घर मुर्गा, मछली सहित अन्य पकवान बनाया गया था। देर शाम को राजबीन बाई सहित अन्य लोगों ने मुर्गा, मछली सहित महुआ शराब का सेवन किया था। खाना खाने के बाद अचानक परिजनों की तबियत बिगड़ने लगी और उल्टी शुरु हो गई। जब पड़ोसियों को इसकी सूचना मिली तो संजीवनी 108 की मदद से राजबीन बाई चौहान, जेल सिंह, चमेली बाई 42 वर्ष पति राजाराम चौहान, राजाराम चौहान पिता शिव प्रसाद चौहान, राजकुमार चौहान पिता टीकसराम चौहान को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान 65 वर्षीय राजबीन बाई और उसके नाती दामाद जेल सिंह की मौत हो गई थी। जबकि पिछले 12 दिनों से राजाराम चौहान 56 वर्ष पिता शिव प्रसाद चौहान का इलाज मेडिकल अस्पताल में चल रहा था। इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह 9 से 10 बजे के बीच राजाराम की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरु कर दी है। अब तक इस मामले में कुल 3 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि बाकि लोगों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।



मृतक के परिजन।

### राजबीन ने बनाई थी घर में शराब

राजाराम चौहान की पत्नी चमेली बाई ने जानकारी देते बताया कि राजबीन बाई ने शराब पीने के लिए अपने घर में ही महुआ शराब बना रखा था। जहां सभी लोगों ने शराब का सेवन किया था। चमेली बाई ने भी बताया कि उसने भी शराब का सेवन किया था कुछ देर बाद ही सभी लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। खासतौर पर राजबीन बाई की सबसे ज्यादा तबियत बिगड़ी थी लेकिन इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई थी । अब चमेली बाई के पति राजाराम की मौत हो गई है। एक ही घटना में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है। चमेली बाई के मुताबिक अब तो स्पष्ट हो चुका है कि शराब सेवन से ही सभी लोगों की तबीयत बिगड़ी थी लेकिन जब तक पुलिसिया जांच व पीएम रिपोर्ट प्राप्त नहीं होता तब तक यह स्पष्ट नहीं कह सकते कि सभी लोगों की मौत की वजह जहरीली शराब है या फिर फूड प्वाइजनिंग है।

### बिसरा किया गया प्रिजर्व

रजगामार चौकी प्रभारी लक्ष्मण खूंटे ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम कोरकोमा निवासी तीन लोगों की मौत के मामले में पूर्व में दो की मौत हुई थी। इस मामले में चिकित्सकों ने दोनों मृतकों का बिसरा प्रिजर्व किया है और उसे जांच के लिए एफएसएल बिलासपुर भेजा जाएगा। अब तक पीएम रिपोर्ट में मौत के किसी कारण का खुलासा नहीं हो पाया है। दूसरा एफएसएल जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

# मामा पर धारदार हथियार से हमला और रात में ही हमलावर भांजे की हाईवे पर मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 25 वर्षीय युवक अपने मामा के घर बाइक में सवार होकर पहुंचा और न जाने किस बात को लेकर नाराज हो गया और सीधे धारदार हथियार से अपने मामा के ऊपर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। मामा अस्पताल में भी नहीं पहुंच पाया था कि कुछ घंटे बाद ही हमलावर भांजे की लाश कोनकोना हाईवे में मिली है। युवक की मौत कैसे हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है हालांकि पुलिस का कहना है कि मामला एक्सीडेंटल नजर आ रहा है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

**खास बातें**

- बांगो थाना क्षेत्र के ग्राम कोनकोना का मामला
- तहकीकात में जुटी पुलिस, मामा को गंभीर अवस्था में कराया गया अस्पताल में भर्ती

मामला बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोनकोना में घटित हुई है। जानकारी के अनुसार पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिलयारी निवासी श्रवण कुमार उम्र 25 वर्ष अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर सोमवार की शाम अपने घर से अपने रिश्तेदारी में बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोनकोना निवासी मामा बंधन गोंड़ उम्र 57 वर्ष के घर पहुंचा था देर रात लगभग 10:30 बजे श्रवण कुमार ने किसी धारदार हथियार से अपने मामा बंधन सिंह पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जैसे ही परिजनों को हमले की सूचना मिली आनन फानन में उसे उपचार के लिए पोड़ी उपरोड़ा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए देर रात को ही कटघोरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कर दिया गया था। लगभग 1 घंटे के बाद रात लगभग 11:30 बजे हमलावर भांजे श्रवण कुमार की लाश कोनकोना के समीप हाईवे पर लहूलुहान अवस्था में मिली है। लाश मिलने की सूचना पर बांगो पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी जहां पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया है। बांगो थाना प्रभारी दुर्गेश वर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला सड़क हादसा का नजर आ रहा है लेकिन पुलिस मामले की बारीकी से जांच में जुटी हुई है। श्रवण कुमार गोंड़ ने अपने मामा बंधन सिंह पर क्यों हमला किया यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। फिलहाल बंधन सिंह का उपचार कटघोरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

# उद्योग मंत्री ने केंद्रीय मंत्री से जिले में ईएसआईसी नर्सिंग कॉलेज की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख एल मंडाविया से चर्चा की। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन ने केंद्रीय मंत्री श्री मंडाविया से प्रदेश में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की मांग रखी है। उन्होंने बताया है कि राज्य बीमा अधिनियम की धारा 59 (बी) के तहत निगम अपने द्वारा प्रदाय किये जाने वाली चिकित्सा सुविधाओं की बेहतरी के लिए चिकित्सा महाविद्यालय के अतिरिक्त नर्सिंग कॉलेज की स्थापना कर सकता है। मंत्री श्री देवांगन ने बताया की छत्तीसगढ़ तेजी से विकसित होने की दिशा में अग्रसर राज्य है।



केंद्रीय मंत्री से मिलते उद्योग मंत्री लखन देवांगन।

नर्सिंग कॉलेज की स्थापना से ⏭ शेष पेज 3 पर




## खबर संक्षेप




### किसान सभा ने दिवगंत भूविस्थापित गोपाल, फिरतु दास को दी श्रद्धांजलि

**कोरबा।** ग्राम नराइबोध गोलीकांड की 28वीं बरसी के अवसर पर 11 अगस्त को भूविस्थापित एकजुटता दिवस का आयोजन करते हुए किसान सभा ने नरईबोध में गोपाल-फिरतू दास के नाम से संचालित स्कूल में गोपाल एवं फिरतु दास को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रोजगार और बसावट की मांग को लेकर संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया इस अवसर पर प्रमुख रूप से शहीद गोपाल दास की पत्नी बृंदा बाई ओर उनके पुत्र रमेश दास प्रमुख रूप से उपस्थित थे। नरईबोध गोलीकांड और भू विस्थापित गोपाल- फिरतु दास के शहादत दिवस के 28 साल पूरा होने पर भू विस्थापितों ने एकजुटता दिवस बनाते हुए रोजगार, पुनर्वास बसावट की मांगो को लेकर संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया। सभा मे प्रमुख रूप से विद्यालय के प्राचार्य जनक राम साहू के साथ किसान सभा के दिपक साहू,जय कौशिक, दामोदर श्याम, सुमेंद्र सिंह कंवर,रमेश दास,विवेक दास,भीम दास,राजू दास,मंतोष दास,मंगली बाई, अघन बाई,सुमन महंत, जान कुंवर के साथ बड़ी संख्या में विद्यालय के बच्चे और भू विस्थापित उपस्थित थे।

### आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली का सफल क्रियान्वयन

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल अंतर्गत कोथारी रोड स्टेशन पर शुक्रवार को 25 वर्ष पुरानी पैनल इंटरलॉकिंग प्रणाली को प्रतिस्थापित कर अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली का सफल कार्यान्वयन किया गया। यह कार्य सिग्नल एवं दूरसंचार ओपन लाइन द्वारा स्वंय किया गया है। इस नई व्यवस्था से कोथारी रेलवे स्टेशन में सेंट्रलाइज्ड इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली में ड्युअल वीडीयू के माध्यम से एक क्लिक में सिग्नल क्लियर किया जा सकता है, जिससे संचालन की गति और संरक्षा मानक में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। सभी आवश्यक मानक यंत्र जैसे कि पावर सप्लाई, अग्निशमन अलार्म, और डेटा लॉगर आदि की स्थापना भी पूर्ण कर ली गई है। यह कार्य प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर जीपी खूंटे तथा मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर राजमल खोईवाल के मार्गदर्शन में एवं वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता/को-ऑर्डिनेशन गिरजा शंकर तथा उनकी टीम द्वारा सफलतापूर्वक 6 घंटे के भीतर न्यूनतम ट्रेन परिचालन प्रभावित करते हुए पूर्ण किया गया। इस महत्वपूर्ण परियोजना से कोथारी रोड स्टेशन पर न केवल संचालन की गति बढ़ेगी, बल्कि संरक्षा के मानकों में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

### किसानों को समय पर मिल रहा खाद



**कोरबा।** खरीफ का मौसम शुरू होते ही किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई देती हैं। खाद, बीज, पानी सब कुछ समय पर मिले, तभी मेहनत रंग लाती है। लेकिन इस बार तस्वीर थोड़ी अलग है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की दूरदर्शिता और मंशा के अनुरूप, अन्नदाताओं की परेशानियों को दूर करने खरीफ सीजन की शुरुआत से पहले ही सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में उन्नत किस्म की खाद और बीज का पर्याप्त भंडारण कर दिया गया। कोरबा विकासखंड की कोरकोमा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में सरकार की किसान हितैषी पहल का स्पष्ट रूप देखने को मिलती है। ग्राम कोरकोमा के किसान श्री दुबराज सिंह राठिया जब समिति में अपने खरीफ सीजन में फसल की बेहतर पैदावार के लिए खाद बीज लेने पहुँचे तो उन्हें बिना किसी परेशानी के डीएपी, यूरिया, एनपीके, सुपर फास्फेट जैसे उर्वरक उपलब्ध हुआ। उन्हें अनावश्यक समितियों के बार -बार चक्कर लगाने नही पड़े। हितग्राही दुबराज सिंह ने बताया कि पहले हमें खाद के लिए समितियों में भटकना पड़ता था, पर इस बार खाद बीज समय पर मिल गया। वक्त पर खाद मिलने से खेती की तैयारी आसान हो गई। खेतों में बुआई का काम पूर्ण हो गया है और अब हम निश्चिंत होकर बेहतर पैदावार की उम्मीद कर सकते हैं। किसान श्री राठिया ने बताया कि उनकी लगभग 10 एकड़ जमीन है। आज वे समिति से 10 बोरी डीएपी व 5 बोरी यूरिया खाद ले जा रहे है। खाद खरीदने में उन्हें किसी प्रकार की समस्या नही हुई, समिति में आवश्यक दस्तावेज देने के साथ ही तत्काल उन्हें खाद प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों पहले ही वे समिति से 15 बोरी यूरिया, 5 बोरी सुपर फॉस्फेट, 5 बोरी पोटाश ले जा चुके है। आगे भी अपनी आवश्यकतानुसार खाद समिति से ले जाते रहेंगे। किसान दुबराज सिंह राठिया ने समय पर खाद मिलने पर राज्य शासन की किसान हितैषी नीति की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का धन्यवाद किया और कहा कि इससे खेती में बहुत सहूलियत हुई है।

## मटकी फोड़ के साथ कृष्ण बनो प्रतियोगिता भी होगी आयोजित

# शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर होंगे विविध कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आगामी शनिवार को मनाई जाने वाली श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को मनाने के लिए शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में समितियों के द्वारा तैयारियां की गई है। कहीं मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित होगी तो बच्चों के लिए कृष्ण बनो, तो कहीं लड्डू गोपाल सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मटकी फोड़ प्रतियोगिता हेतु 11 हजार रुपए की भी घोषणा की गई है।

### श्री सप्तदेव मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव की तैयारियां शुरु

श्री सप्तदेव मंदिर में मनाया जाने वाला श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव की तैयारी शुरु हो चुकी है। यहाँ यह पर्व मथुरा और वृंदावन की भांति उल्लास भक्ति और अद्भुत सजावट के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष भी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव 16 अगस्त को मंदिर परिसर में जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी अशोक मोदी ने बताया कि भक्तों और बच्चों की सहभागिता बढ़ाने हेतु मंदिर समिति ने विशेष प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया है। 15 अगस्त को दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक लड्डू गोपाल सजाओ प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसके अगले दिन 16 अगस्त को दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक बच्चों के लिए श्रीकृष्ण बनो प्रतियोगिता होगी जिसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कारों का चयन मंदिर महिला मंडल की सदस्य करेंगे। इच्छुक प्रतिभागी विस्तृत जानकारी के लिए मंदिर के मुख्य पुजारियों से संपर्क कर सकते हैं। शाम 4 बजे से रात्रि 1 बजे तक झांकी निकाली जाएगी। रात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का मुख्य आयोजन होगा।

### केसला में होगा जन्माष्टमी पर दही हांडी व मेला



श्रीकृष्ण के प्राकट्य का पर्व जन्माष्टमी जिले के आंचलिक क्षेत्र में धूमधाम से मनाने के लिए नागरिक संगठन और समितियां प्रयत्नशील हैं। श्रीकृष्ण गौशाला समिति और जन्माष्टमी महोत्सव समिति केसला, रजगामार द्वारा जन्माष्टमी पर 2 दिन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें कई आकर्षक को शामिल किया गया है। आयोजन समिति ने बताया गया कि 15 अगस्त से भव्य मेला और दही हांडी भंजन (मटकी फोड़) प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 71 सौ रुपये, द्वितीय 51 सौ रुपये और तृतीय 31 सौ रुपये रखा गया है। पारितोषिक समिति द्वारा नियमों के अनुसार प्रदान किए जाएंगे। जानकारी दी गई है कि हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति होने के अनुमान को देखते हुए यहां कृष्ण भक्ति गीतों पर आधारित कार्यक्रम को भी रखा गया है। राज्यपाल पुरस्कृत लोक गायक पंडित शिवराज शर्मा और उनकी टीम के द्वारा इस कार्यक्रम को प्रस्तुत किया जाएगा।

### जन्माष्टमी पर होंगे विविध कार्यक्रम

बालगोपाल श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव समिति द्वारा 16 अगस्त को पुराना बस स्टैंड में पहली बार भव्य मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 6 बजे से आरंभ होगा, जिसमें 15 फीट ऊँचाई पर लटकी मटकी को फोड़ने के लिए टीमें अपनी शक्ति, सामूहिकता और रणनीति का प्रदर्शन करेंगी। विजेता टीम को 11 हजार, उपविजेता को 51 सौ और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 13100 का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निगम सभापति नूतनसिंह ठाकुर तथा विशिष्ट अतिथियों में सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल कार्यसमिति सदस्य, छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी, सुलोचना भोलू यादव पार्षद, वार्ड क्रमांक 12, नपानी, टामेश अग्रवाल पार्षद, वार्ड क्रमांक 5, नपानी और तेजप्रताप सिंह पार्षद, बांकीमोंगरा शामिल होंगे।

## प्रथम महिला सांसद मिनीमाता की मनाई गई पुण्यतिथि


कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता बहुआयामी व्यक्तित्व की धनी थी। अपने प्रखर नेतृत्व क्षमता की बदौलत राष्ट्रीय नेताओं के बीच उनकी अलग पहचान थी उक्त कथन पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने मिनीमाता के पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मिनीमाता ने दलित शोषित समाज ही नहीं वरन सभी वर्गों के लिये एक समान कार्य किया, इसी वजह से मिनीमाता लोकप्रियता के शीर्ष पर पहुंची। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने कहा कि मिनीमाता नारी उत्थान, किसान, मजदूर, छुआ-छूत निवारण कानून, बाल विवाह, दहेज प्रथा, निःशक्त व अनाथों के लिये आश्रम, महिला शिक्षा और जनहित के अनेक फैसले और समाज हितैषी कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया और संसद में अनेकों कानून बनवाकर समाज को लाभ दिलवाया। इस दौरान कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं पार्षद नारायण कुर्रे, सतनाम समाज के अध्यक्ष यूआर महिलांगे एवं पूर्व सभापति श्यामसुन्दर सोनी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व सभापति श्यामसुंदर सोनी, रवि खूंटे, एडी जोशी, पुस्कर आदिले, सीमा कुर्रे, छत्रपाल कुर्रे, विजय आदिले, पंचराम निराला, गणेशराम खूंटे, राम बाई लहरे, दीपक टंडन, ईश्वर चेस्कर, श्याम बाई खूंटे, विजय आनंद, संतदास दिवाकर, मंडल अध्यक्ष पालूराम साहू, जवाहर निर्मलकर पार्षद सुखसागर निर्मलकर, अविनाश बंजारे, जे.पी. कोसले, गणेश दास महंत, शैलेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

### स्कूल में मनाई गई मिनीमाता की पुण्यतिथि



**बालको।** मिनीमाता चौक बालको में मिनीमाता की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर मिनीमाता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालको के प्राचार्य शिक्षक एवं विद्यार्थियों के साथ कल्याण शिक्षण समिति के संरक्षक दुष्यंत शर्मा कोषाध्यक्ष केशव कुर्रे एवं पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर सतनामी समाज बालको के अध्यक्ष रमेश जटवार, उपाध्यक्ष मंगल घृतलहरे सचिव संतोष बंजारे के साथ समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे कार्यक्रम में माल्यार्पण दीप प्रज्वलन के पश्चात दुष्यंत शर्मा एवं भोजेंद्र सिंह के द्वारा मिनीमाताजी की सादगी सरलता भरे जीवन पर प्रकाश डाला गया एवं उनके दिखाई मार्ग में चलने हेतु प्रेरित किया गया।

## राज्य विधिज्ञ परिषद चुनाव में ब्रिजेश ने भरा नामांकन


नामांकन दाखिल करते अधिवक्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद चुनाव 2025 के लिए कोरबा के वरिष्ठ और नामी अधिवक्ता ब्रिजेश कुमार शुक्ला ने नामांकन दाखिल किया। ब्रिजेश शुक्ला के साथ इस बार वरिष्ठ अधिवक्ताओ के साथ ही युवा अधिवक्ताओ की टीम खड़ी नजर आ रही है। पिछले चुनाव में सदस्य निर्वाचित होकर ब्रिजेश शुक्ला राज्य अनुशासन समिति के चेयरमैन बने थे। अपने कार्यकाल में अधिवक्ताओ के हित में काम करने के साथ अधिवक्ताओं में नैतिक गुणवत्ता के विकास में सफल रहे थे। लगभग 11 वर्ष के बाद राज्य विधिज्ञ परिषद का चुनाव हो रहा है जिसको लेकर अधिवक्ताओ में जबरदस्त उत्साह है।

अपनी निर्विरोध छवि तथा आपसी सामंजस्य से काम करने के गुण के कारण ब्रिजेश शुक्ला को कोरबा, कटघोरा, पाली, करतला सहित संपूर्ण बिलासपुर संभाग से चौतरफा समर्थन मिल रहा है। ब्रिजेश कुमार शुक्ला की वरिष्ठ अधिवक्ताओ में गहरी पैठ है इसके साथ ही स्वच्छ और निर्विवाद छवि के कारण युवा और महिला अधिवक्ताओं की पहली पसंद बनकर उभर रहे हैं, जिसको देखते हुए उनके भारी मतों से चुनकर आने की संभावना है। उच्च न्यायालय बिलासपुर स्थित छत्तीसगढ़ विधिज्ञ परिषद कार्यालय में ब्रिजेश कुमार शुक्ला ने अपने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया। ब्रिजेश कुमार शुक्ला के साथ नगर निगम सभापति और जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के सचिव नूतनसिंह ठाकुर, दुष्यंत शर्मा, राधेश्याम पटेल, जे.के. तिवारी, गीता श्रीवास, राम वल्लभ पांडे, रवि शर्मा, योगेश देवांगन, अंचला राठौर, अशोक कुमार पाल, आशुतोष शुक्ला, सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## आज से संचालित होगा परसाभांठा में नानवेज मार्केट, अब खुले में नहीं बिकेगा मांस-मछली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के बालको जोनांतर्गत परसाभांठा बाजार स्थित नानवेज मार्केट बुधवार 13 अगस्त से संचालित हो जाएगा, सड़कों पर मांस मछली का विक्रय करने वालों को वहाँ विस्थापित किया जाएगा, वहीं अब खुले में मांस मछली का विक्रय नहीं होगा। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के बालको जोनांतर्गत विभिन्न स्थलों को दौरा किया एवं परसाभांठा नानवेज मार्केट को बुधवार से संचालित कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह पूर्व आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने परसाभांठा नानवेज मार्केट का निरीक्षण कर उसकी तत्काल मरम्मत कराकर नानवेज मार्केट संचालित कराए जाने के निर्देश दिए थे, निगम द्वारा उक्त नानवेज मार्केट का मरम्मत, सुधार कार्य कर लिया


निरीक्षण करते हुए निगम आयुक्त।

गया है तथा वहाँ बिजली, पानी जैसी आवश्यक सुविधाएं मुहैया करा दी गई हैं, पुनः आयुक्त श्री पाण्डेय अपने प्रातः भ्रमण के दौरान बालको जोन पहुंचे, विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया तथा परसाभांठा नानवेज मार्केट को बुधवार से संचालित किए जाने व सड़कों पर मांस मछली का विक्रय करने वालों को वहाँ पर विस्थापित कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने अधिकारियों से कहा कि सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सड़कों पर खुले में मांस मछली का विक्रय न हों, इस हेतु खुले में मांस मछली बेचने वालों का विभिन्न नानवेज मार्केटों में विस्थापन कराएं, उन्हें हिदायत दें कि खुले में नानवेज का विक्रय न करें तथा यह सुनिश्चित कराएं कि 15 अगस्त के पश्चात खुले में मांस मछली का विक्रय न हों। आयुक्त श्री पाण्डेय ने परसाभांठा चौक को व्यवस्थित करने तथा वहाँ पर अस्थाई दखल करने वालों के समुचित व्यवस्थापन की कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

### वूमेन फार ट्री हेतु किया स्थल निरीक्षण

शासन की अभिनव योजना वूमेन फार ट्री के तहत नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वृक्षारोपण का कार्य किया जाना हैं, आयुक्त श्री पाण्डेय ने बालको जोनांतर्गत वूमेन फार ट्री के तहत किए जाने वाले वृक्षारोपण हेतु स्थल का निरीक्षण किया तथा पौधों के रोपण हेतु गड्ढों को तैयार कर एवं अन्य आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित कर वृक्षारोपण कराए जाने की त्वरित कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियो को दिए।

## एनटीपीसी कोरबा में वरिष्ठ महिला अंतर जिला राज्य फुटबॉल का फाइनल मैच कल



प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी और आयोजक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और जमीनी स्तर पर खेलों के प्रोत्साहन के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के तहत, एनटीपीसी कोरबा ने छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन के सहयोग से वरिष्ठ महिला अंतर-जिला राज्य फुटबॉल चैम्पियनशिप और कोचिंग कैंप का आयोजन वित्तीय वर्ष 2025-26 के सीएसआर बजट से किया है।

एनटीपीसी कोरबा की लंबे समय से चली आ रही उस सोच को दर्शाती है, जिसके तहत खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देना, सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना और ग्रामीण युवाओं—विशेष रूप से महिलाओं—को संगठित खेल अवसरों के माध्यम से सशक्त बनाना शामिल है। वर्ष 2016 में शुरू हुई इस योजना ने अब तक कई राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के फुटबॉल खिलाड़ियों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 7-दिवसीय अंतर-जिला टूर्नामेंट जिला टीमें चयन ट्रायल्स में प्रतिस्पर्धा करती हैं। 21-दिवसीय कोचिंग कैंप शीर्ष 30 खिलाड़ियों को राज्य टीम बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। अंतिम चयन 15–18 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ राज्य महिला फुटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना जाता है। वरिष्ठ महिला अंतर-जिला राज्य फुटबॉल चैम्पियनशिप की शुरुआत 8 अगस्त को एनटीपीसी कोरबा मैदान में किया गया। जिसमें आठ दमदार टीमें भाग ली। रोमांचक मुकाबलों के बाद 13 अगस्त को होने वाले भव्य फाइनल में डीएफए बस्तर और डीएफए दुर्ग आमने-सामने होंगे।

## डीएवी खरमोरा में मनाया गया हरित दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत हरित दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वार्ड क्रमांक 35 खरमोरा के पार्षद प्रताप सिंह कंवर, विशेष अतिथि के रूप में पत्रकार दिनेश राज, नागेंद्र श्रीवास, श्रीमती प्रतिमा सरकार तथा वरिष्ठ अधिवक्ता श्यामल मल्लिक का विद्यालय परिवार ने पारंपरिक तिलक वंदन व पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा ना काटो हमें, जीने दो विषय पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा कक्षा एक के विद्यार्थियों ने हरे रंग की सुंदर पोशाकों में ग्रीन आउटफिट फैन्सी ड्रेस शो प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथियों एवं अन्य अतिथियों ने सामूहिक रूप से वृक्षारोपण करने, पेड़ों की रक्षा करने और हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी पूरे वर्ष देखभाल करने का संकल्प लिया। प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी ने कहा कि यदि हम आज पेड़ों को बचाने का संकल्प लें तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु, पर्याप्त जल और सुरक्षित पर्यावरण दे सकते हैं। इस प्रकार के आयोजन तभी संभव हो पाते हैं जब पूरे विद्यालय परिवार के साथ-साथ गणमान्य नागरिकों का सहयोग मिलता है। उन्होंने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इसी तरह का सहयोग और प्रेरणा मिलती रहेगी।



## सेजस रजकम्मा में पालक शिक्षक बैठक सम्पन्न


बैठक में उपस्थित समिति के सदस्य व शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

सेजस मदनपुर के सभागार में देश की आजादी के पर्व स्वतंत्रता दिवस को अक्षुण बनाए रखने एवं वीर सपूतों के बलिदान को यादगार बनाने के लिए दिलहरण कश्यप अध्यक्ष शिक्षा समिति जनपद के मुख्य अतिथ्य,राजीव जोगी नोडल प्राचार्य की अध्यक्षता, सरवन मराबी सरपंच,कृष्णा यदु अध्यक्ष एसएमडीसी, हेमलाल अहीर उपसरपंच के विशिष्ट अतिथ्य में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीएसी जीवन सिंह मरकाम, सेजस के स्टाफ, माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक उपस्थित थे। पंचायत भवन सहित नोडल प्राचार्य अंतर्गत संचालित विद्यालयों में ध्वजारोहण का समय एवं अतिथियों का निर्धारण सर्वसम्मति से किया गया। सभी विद्यालयों में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर लाइटिंग, परिसर की साफ-सफाई, गगनभेदी नारो के साथ प्रभात फेरी के उपरांत अपने विद्यालय में भाषण प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस, लघु नाटिका, देश भक्ति गीतों पर नृत्य जैसे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया। छात्र-छात्राओं के लिए मिष्ठान की व्यवस्था पंचायत के सौजन्य से वितरित की जाएगी।तत्पश्चात पालकों ने शिक्षकों से अपने बच्चों की विद्यालयीन गतिविधियों की जानकारी ली।प्रथम यूनिट टेस्ट में छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन,नियमित विद्यालय में उपस्थिति,शाला गणवेश पर विस्तृत चर्चा-परिचर्चा की गई।बैठक में पुष्पक साहू, विनोद जायसवाल, प्रभा लकरा, कुमुदिनी राम,कमलेश्वरी साहू,सितारा अग्रवाल, कल्पना कुजूर,अर्चना किंडो,रवि चंद्रा, किरण मरकाम, सत्यनारायण अहीर, लक्ष्मीनारायण अहीर, महेश अहीर सहित पालक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन 15 अगस्त को करेंगे ध्वजारोहण



**कोरबा।** जिले में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह फुटबॉल ग्राउंड सीएसईबी कोरबा (पूर्व) में आयोजित होगा। प्रातः 8.59 बजे मुख्य अतिथि का समारोह स्थल पर आगमन होगा। प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, प्रातः 9.01 बजे सलामी एवं राष्ट्रगान, प्रातः 9.03 बजे से 9.12 बजे तक मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण एवं हर्ष फायर, 9.12 बजे से 9.25 तक परेड का मार्च पास्ट, 9.25 से 9.27 बजे परेड की समीक्षा एवं सलामी, 9.27 तक 9.47 बजे तक मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, 9.47 से 9.50 बजे रंगीन गुब्बारा उड़ाना, 9.50 से 10.05 बजे परेड का प्रस्थान एवं परेड कमाण्डरों का परिचय, 10.05 से 10.10 बजे मुख्य अतिथि के साथ परेड कमाण्डरों की छायाचित्र, 10.10 से 10.15 बजे शहीद परिवारों का सम्मान, 10.15 से 10.45 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10.45 से 11 बजे सम्मान पुरस्कार वितरण, प्रातः 11 से 11.10 बजे आभार प्रदर्शन एवं कार्यक्रम का समापन होगा।

### आरक्षक संवर्ग पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन 27 तक

**कोरबा।** जिला पुलिस बल में आरक्षक संवर्ग के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) द्वारा लिखित परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया एवं परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। छग शासन, गृह (पुलिस) विभाग एवं पुलिस महानिदेशक द्वारा प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर व्यापम ने संभावित परीक्षा कार्यक्रम निर्धारित किया है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट पर पंजीयन कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 27 अगस्त शाम 5 बजे तक एवं परीक्षा तिथि 14 सितम्बर, प्रवेश पत्र जारी होने की तिथि 8 सितम्बर, परीक्षा केन्द्र राज्य के 5 संभागीय मुख्यालयों में निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थियों को आवेदन के समय परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा। छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार, राज्य के स्थानीय निवासी अभ्यर्थी जो परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

### जूनियर क्लब संगम कार्यक्रम में शहर के मॉडल बिखेरेंगे जलवा

**कोरबा।** सीएसईबी कालोनी स्थित जूनियर क्लब में 20 अगस्त को संगम कार्यक्रम में तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें डीजे, डांसिंग, सिंगिंग, मॉडलिंग, इंटरटेनमेंट, फूड आदि शामिल हैं। कार्यक्रम में शहर सहित उप नगरीय क्षेत्रों के निवासियों के द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया जाएगा।

### बाबा श्याम के दरबार जाने दो भाई निकले पैदल यात्रा पर



**कोरबा।** आस्था और विश्वास जब संकल्प बन जाए, तो रास्ते की हर कठिनाई छोटी लगने लगती है। इसी अटूट श्रद्धा के साथ छत्तीसगढ़ के जिला कोरबा के करतला (रामपुर) निवासी दिलेश्वर पटेल और रायगढ़ जिले के सजा पाली के मूल निवासी गेंदराम पटेल ने राजस्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर के लिए पैदल यात्रा शुरू की है। करीब 13 सौ से 14 सौ किलोमीटर लंबी यह यात्रा 10 अगस्त को उनके गांव से शुरू हुई। रास्ते में बारिश, धूप, थकान और भूख-प्यास जैसी चुनौतियां जरूर आएंगी, लेकिन दोनों का कहना है कि जब बाबा श्याम साथ हैं, तो कोई मुश्किल नहीं। दिलेश्वर पटेल इससे पहले भी अपनी भक्ति का परिचय देते हुए करतला (रामपुर) से साइकिल पर अयोध्या पहुंच चुके हैं, वह भी श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर। इस बार उनका संकल्प और भी बड़ा है। गांव के लोग इन दोनों श्रद्धालुओं की हिम्मत और आस्था पर गर्व महसूस कर रहे हैं और उनकी सुरक्षित यात्रा की कामना कर रहे हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### उद्योग मंत्री ने...

श्रमिकों की चिकित्सा सुविधाएं बढ़ेंगी। साथ ही बीमित श्रमिकों के बच्चों के लिए आरक्षित सीटों पर प्रवेश भी मिल सकेगा। इसके अलावा प्रदेश में संचालित श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं के सबंध में भी विस्तृत चर्चा कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने जिले के ईएसआईसी अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने के लिए पिछली बार केंद्रीय मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में क्रमवार जानकारी दी थी। इसके उपरांत ईएसआईसी अस्पताल के डॉक्टर और अन्य चिकित्सा कर्मचारियों के लिए आदेश जारी हुआ था। मंत्री श्री देवांगन ने डॉक्टरों और अन्य स्टॉफ की भर्ती की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कर स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने का भी मांग रखा है।

---

विश्व हाथी दिवस पर कोरबा वनमंडल के पसरखेत रेंज में पहुंचे थे स्कूली बच्चे

# स्कूली बच्चे पहुंचे हाथी प्रभावित क्षेत्र ड्रोन से मॉनिटरिंग देखी छात्रों ने




कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्कूल के छात्र व वनकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विश्व हाथी दिवस के अवसर पर कोरबा वनमंडल एवं नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष जागरूकता एवं शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कोरबा वनमंडल के डीएफओ कुमार निशांत एवं डब्ल्यू डब्ल्यू एफ के छत्तीसगढ़ राज्य समन्वयक उपेंद्र दुबे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, डीडीएम पब्लिक स्कूल, जैन पब्लिक स्कूल एवं सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल, न्यू ऐरा पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को जमीनी स्तर पर हाथियों के संरक्षण एवं उनके साथ सहअस्तित्व की समझ विकसित कराने के लिए फील्ड टूर विज़िट का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को ड्रोन तकनीक की सहायता से जंगल में विचरण कर रहे हाथियों के व्यवहार का सीधा अवलोकन कराया गया। उन्हें यह दिखाया गया कि हाथी क्या खाते हैं, दिन में कितना समय विश्राम करते हैं, कैसे चलते-फिरते हैं और किस प्रकार अपने झुंड के साथ रहते हैं। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को हाथियों से जुड़ी अनेक रोचक जानकारियाँ भी दीं। फील्ड विज़िट के अंतर्गत विद्यार्थियों को कुदमुरा एवं पसरखेत रेंज के हाथी-प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कराया गया। यहां स्थानीय ग्रामीणों से मुलाक़ात कर विद्यार्थियों ने यह जाना कि किस प्रकार वर्षों से मानव और हाथी एक ही क्षेत्र में सहअस्तित्व के साथ जीवन व्यतीत करते आ रहे हैं। इस संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों को हाथियों के प्राकृतिक व्यवहार, उनके आवास तथा मानव-हाथी संघर्ष के कारणों और समाधान के बारे में प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। डीएफओ कुमार निशांत ने कहा कि हाथी केवल हमारे जंगल का हिस्सा नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर भी हैं। हमें इनके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम में उप वनमण्डलाधिकारी आशीष खेलवार, उप वनमण्डलाधिकारी सूर्यकांत दुबे, पसरखेत रेंजर देवदत खांडे, नोवा नेचर अध्यक्ष एम सूरज, मयंक बक्शी, भूपेंद्र जगत, जितेंद्र सारथी, बबलू मरवा, वन विभाग के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहें।

### कटघोरा वनमण्डल के बुका में कार्यशाला

विश्व हाथी दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत बुका पर्यटन स्थल में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को जंगली हाथियों से उत्पन्न खतरे और उनसे सुरक्षित रहने के तरीकों के बारे में जागरूक करना था। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की इस पहल में कटघोरा वनमंडल के डीएफओ कुमार निशांत ने विस्तार से बताया कटघोरा वनमण्डल में इस वक्त 50 हाथियों का झुण्ड क्षेत्र में विचरण कर रहा है, कटघोरा वनमण्डल में पुरातनकाल से हाथियों की आमद रही है लेकिन बीते 15 वर्षो से क्षेत्र में हाथियों का विचरण बढ़ता जा रहा है। यहां के लगभग 200 ग्राम हाथी प्रभावित हैं। अभी लोगों में नवाचार बढ़ा है लोग शिक्षित भी हो रहे है जिसकी वजह से लोगों में जागरूकता आ रही है और हांथी मानव द्वंद में कमी आ रही है। कार्यशाला प्रमुख उद्देश्य है कि लगातार जंगली हाथियों के विचरण के बीच ग्रामीण कैसे अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हाथियों के संरक्षण के साथ-साथ मनुष्य की सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने चिंता जताई कि हाथियों की बढ़ती संख्या से ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत का माहौल है और फसलें भी बर्बाद हो रही हैं। उन्होंने वन विभाग की सतत निगरानी और इस प्रकार की जागरूकता कार्यशालाओं को बेहद जरूरी बताया। कार्यक्रम में वन विभाग के एसडीओ संजय त्रिपाठी, पोंडी उपरोडा तहसीलदार सुमन दास मानिकपुरी, केंदई रेंजर अभिषेक दुबे, जड़गा रेंजर, आसपास के ग्राम सरपंच, जनपद सदस्य, पंचगण तथा अन्य वन अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली बच्चे और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।




---

# रजत जयंती वर्ष पर दिए गए दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करें विभाग : कलेक्टर



बैठक लेते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाजों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने लम्बित प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों और विभागों को दिए गए निर्देशों के तहत आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने विभागों को जिम्मेदारी के साथ रजत जयंती वर्ष में गतिविधियों के आयोजन के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस के पूर्व सभी नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आमनागरिको की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए तिरंगा यात्रा का आयोजन करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों की जानकारी ली और निर्देशित किया कि जिन विभागों को जो जिम्मेदारी दी गई है वे कार्यक्रम स्थल पर गंभीरता से पालन सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने अटल डिजिटल डैशबोर्ड के अंतर्गत कम केपीआई वाले विभागों को महत्वपूर्ण इंडिकेटर्स में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रम, नगर निगम,समाज कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य, कृषि विभाग के अधिकारियों को केपीआई के इंडिकेटर्स को ध्यान रखकर कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को पेंशन राशि हितग्राहियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से करने, राजस्व विभाग को विवादित-अविवादित नामान्तरण के निराकरण, सीमांकन, त्रुटि सुधार, वृक्ष कटाई के प्रकरणों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभिन्न विभाग अंतर्गत टीएल के लिए चिन्हित विषयों भू अर्जन खाता, वन अधिकार पत्र पर डीएफओ के हस्ताक्षर, रेडी टू ईट, रिकॉर्ड रूम,आंगनबाड़ी, शासकीय भूमि की रजिस्ट्री निरस्त करने , मड़वारानी मंदिर में पेयजल आपूर्ति, किसान पंजीयन आदि पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

**खास बातें**

- पीएम आवास निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत पर रोजगार सहायकों पर कार्रवाई के द ए निर्देश
- अटल डिजिटल डैसबोर्ड अंतर्गत केपीआई में प्रगति लाने संबंधित विभागों को दिए निर्देश

---

# स्वाधीनता का संदेश देने तुमान से निकली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत के स्वाधीनता दिवस की 78वीं वर्षगांठ 15 अगस्त को धूमधाम से मनाई जाएगी। इससे पहले स्वाधीनता के उपलक्ष में कई प्रकार के आयोजन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को पोड़ी उपरोड़ा के तुमान गांव से बाइक रैली निकाली गई। जनप्रतिनिधि और नागरिक इस रैली में शामिल हुए। उनके साथ बैनर पोस्टर मौजूद थे जिनके माध्यम से स्वाधीनता और नागरिकों के अधिकार व कर्तव्य पर फोकस किया गया।

भारत माता के जय घोष सभी रास्तों पर घूमते रहे जहां से रैली गूजरी। रैली में शामिल सभी लोग देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रहे। उन्होंने अपने साथ कुछ स्टीकर भी रखे थे जिनका वितरण क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को किया गया। यात्रा के मार्ग पर कई जगह ग्रामीणों के द्वारा स्वाधीनता रैली का स्वागत किया गया। विकासखंड मुख्यालय पौड़ी पहुंचकर रैली का समापन हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि आज के दौर में स्वाधीनता की जानकारी सभी को होना जरूरी है लेकिन इस बात पर भी हमें ध्यान देना है कि समय के साथ-साथ गुलामी वाली मानसिकता से बाहर निकले। वास्तविक अर्थों में हमें यह जानने की आवश्यकता है कि स्वाधीनता के संग्राम में बहुसंख्यक लोगों ने हिस्सा लिया था और उनकी सक्रिय भूमिका के कारण, उनके सर्वस्व बलिदान के कारण आजादी प्राप्त हुई। ऐसी सभी ज्ञात अज्ञात वीर जवानों का स्मरण करना समसामयिक दौर में जरूरी हो जाता है। वक्ताओं ने कहा की मातृभूमि की रक्षा करने के लिए जितने लोगों ने उसे समय अपना सब कुछ न्योछावर किया, वह हमारे आदर्श होने ही चाहिए।



बाइक रैली निकालते जनप्रतिनिधि व ग्रामीण।

---

# कोयला कंपनी में ठेका कर्मचारियों की बायोमेट्रिक हाजिरी पर निर्णय अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल समेत कोल इंडिया की कई अन्य सहयोगी कोयला कंपनियों में ठेका कर्मियों की बायोमेट्रिक हाजिरी पर अब तक निर्णय नहीं लिया जा सका है। इसे पारदर्शिता के लिए जरूरी बताने के साथ ही श्रम संघों ने विभिन्न बैठकों में मुद्दे उठाने के साथ ही आंदोलन के दौरान विभिन्न मांगों में ठेका कर्मियों की बायोमेट्रिक अटेंडेंस को शामिल किया है।

कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी एसईसीएल में ठेका कर्मचारियों की संख्या लगातार बढ़ी है। इसका कारण कोयला खनन से लेकर ओबी हटाने और कोयला खदानों के कई अन्य कार्य ठेके पर देना है। बीते साल 2024 से एसईसीएल में नियमित कामगारों के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस को अनिवार्य कर दिया है। एरिया स्तर पर भी संबंधित कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक मशीन से हाजिरी को लेकर जरूरी गाइडलाइन भी जारी हुई। इस बायोमेट्रिक अटेंडेंस से कंपनी मुख्यालय को उपस्थिति रिकॉर्ड की जानकारी उसी दिन मिल जाती है। नियमित कामगारों के बायोमेट्रिक अटेंडेंस को अनिवार्य कर रहे एसईसीएल प्रबंधन के समक्ष यूनियन नेताओं ने धरना आंदोलन के जरिए ठेव ठेका कर्मियों के बायोमेट्रिक मशीन से हाजिरी की मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है और पुराने पैटर्न पर ही कोयला खदानों में ठेका कर्मियों की हाजिरी लग रही है। ठेका कर्मियों की कोयला खदानों में बढ़ी संख्या के बाद अब श्रम संघों का ध्यान इनके हित की मांगों की ओर भी गया है। इनमें से ही एक बायोमेट्रिक अटेंडेंस लागू कराने की मांग भी है। साथ ही बेहतर चिकित्सा सुविधा, सामाजिक सुरक्षा, हाईपावर कमेटी की निर्धारित दर पर वेतन भुगतान की मांग करते रहे हैं।

**खास बातें**

- पारदर्शिता के लिए बता रहे थे जरूरी
- श्रम संघों ने विभिन्न बैठकों में मुद्दे उठाने के साथ आंदोलन भी कर चुके

### खनन नीतियों में बदलाव से बढ़ेगी ठेका कर्मचारियों की संख्या

कोयला खदानों में एमडीओ और रेवेन्यू शेयरिंग मोड को खनन नीतियों में बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। इसे निजीकरणका नया दौर भी माना जा रहा है। ऐसे में भविष्य में एसईसीएल में ठेका कर्मियों की संख्या बढ़ेगी। दूसरी ओर कोयला कर्मियों के रिटायरमेंट से नियमित कामगारों की संख्या घट रही है। इसकी जगह अब ठेका कर्मचारी से कार्य लेने से आउटसोर्सिंग का दायरा बढ़ा है। एसईसीएल में सबसे ज्यादा 22सौ के करीब ठेका कर्मचारी गेवरा खदान में है।

### अपेक्स जेसीसी कमेटी की बैठक में उठ चुका है मुद्दा

बीते साल 2024 में कोल इंडिया अपेक्स जेसीसी कमेटी की बैठक में भी ठेका कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति का मुद्दा उठाया जा चुका है। साथ ही वार्षिक पीएलआर बोनस का लाभ दिलाने की बात कही गई। इस पर प्रबंधन ने अपनी सहमति जताई और माइनिंग कार्य से जुड़े ठेका कर्मियों को पीएलआर बोनस का लाभमिला। एचपीसी दर पर वेतन भुगतान ठेका श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को चिकित्सा सुविधा संबंधी मुद्दे उठाए।

---

# भाजपा बालको मंडल की तिरंगा यात्रा मिनीमाता चौक से निकली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दिवस की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता पार्टी बालको मंडल ने राष्ट्रभक्ति और एकता का भव्य उदाहरण पेश करते हुए ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। यात्रा का शुभारंभ मिनीमाता चौक से हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी शामिल हुए। उनके साथ पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष डिलेन्द्र यादव, मंडल पदाधिकारी, वरिष्ठ पदाधिकारी, पार्षदगण, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा, विधि प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



तिरंगा यात्रा में शामिल भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य।

कार्यक्रम के संयोजक और सह-संयोजकों के नेतृत्व में यात्रा ने राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा और स्वतंत्रता दिवस के महत्व को जन-जन तक पहुंचाया। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग पर वन्दे मातरम, भारत माता की जय और भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद जैसे गगनभेदी नारे गूंजते रहे, जिससे वातावरण पूर्णतः देशभक्ति से सराबोर हो गया। तिरंगा यात्रा में युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और समाज के विभिन्न वर्गों की उत्साही भागीदारी देखने को मिली। ढोल-नगाड़ों, बैंड और देशभक्ति गीतों के साथ यात्रा ने एकता, भाईचारे और राष्ट्रप्रेम का अद्भुत संदेश दिया। मिनीमाता चौक से प्रारंभ होकर यात्रा विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई अपने गंतव्य तक पहुंची, जहां सभी ने एक स्वर में राष्ट्रगान गाकर स्वतंत्रता दिवस का जयघोष किया।

---

# सड़क पर मवेशी खुला छोड़ने पर एफआईआर दर्ज करने निगम ने थाना प्रभारी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालकोनगर के परसाभांठा बाजार के नीचे दुर्गा मंदिर गली में संचालित पशु खटाल के संचालक श्रीमती नंदनी पाठक पति हीरालाल पाठक के द्वारा सड़क पर अपने मवेशियों को खुला छोड़ने व खटाल की गंदगी खुले में फेंकने पर निगम द्वारा उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने एवं खटाल को बंद कराने हेतु थाना प्रभारी बालकोनगर को पत्र लिखा गया है, मवेशियों को खुला छोड़ने वाले पशुपालकों के विरूद्ध अब निगम कड़ी कार्यवाही कर रहा है, क्यांकि बार-बार समझाईश का कोई असर पशुपालकों पर नहीं हो रहा है। इन मवेशियों के सड़क पर बैठने, विचरण करने से दुर्घटनाएं घटित होती है, यातायात व्यवस्था प्रभावित होती हैं तथा सड़कों पर आवागमन करने वाले आमनागरिकों, वाहन चालकों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है, निगम द्वारा एक ओर जहाँ सड़कों में स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को काऊकेचर के माध्यम से सड़कों से उठाकर गोठान पहुंचाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर पशुपालकों से लगातार अपील की जा रही है कि वे अपने मवेशियों को सड़कों पर खुला न छोड़े किन्तु बार-बार समझाईश व अपील का कोई भी असर पशुपालकों पर नहीं हो रहा, निगम अब इन पशुपालकों पर कड़ी कार्यवाही कर रहा है, इसी कड़ी में मंगलवार को एक खटाल संचालक पर एफआईआर दर्ज करने हेतु निगम द्वारा पत्र लिखा गया है।

---

बंगाल की खाड़ी में बने दबाव का असर पड़ा शहर में

# उमस भरी गर्मी से राहत, सप्ताहभर से थम सी गई थी बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते एक सप्ताह से मानसून की रफ्तार धीमी होने के कारण मौसम के तापमान में वृद्धि होने के साथ ही लोगों को उमश भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा था। वहीं दिन का तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका था। बीते दो दिन से शाम को बारिश होते ही मौसम में ठंडक आने के कारण आम लोगों को उमश की गर्मी से राहत महसूस हुई।

मानसून की रफ्तार बीते एक सप्ताह से पूरे प्रदेश में धीमी पड़ी हुई है। भादो माह लगने के तीन दिन बाद बारिश तो हुई वह भी खण्ड वर्षा रही। शहर के कुछ हिस्सों में जमकर बारिश हुई वहीं ग्रामीण अंचलों में कम बारिश होने के कारण खेतों में नमी भी कम होने लगी थी। हालांकि सावन की भारी बारिश के कारण इस वर्ष रिकार्ड बारिश दर्ज हुई है लेकिन उमश भरी गर्मी से लोगों को अभी भी राहत नहीं मिली है और एक सप्ताह से रुकी बारिश से उमश की गर्मी लोगों को बेहाल कर दिया है। मौसम विभाग ने दो दिनों पूर्व मौसम में बदलाव को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है। वर्तमान में दो दिन हुई बारिश शहर और उसके आसपास क्षेत्रों में ही दर्ज की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में अब मौसम अभी भी सूखा बना हुआ है। आने वाले दिनों में झमाझम बारिश के मौसम विभाग ने संकेत तो जरुर दिए हैं लेकिन खण्ड वर्षा की स्थिति से मानसून की धीरे धीरे विदाई का भी अहसास होने लगा है। हालांकि बारिश को लगभग एक माह शेष है। मौसम विभाग की मानें तो इस अवधि में बंगाल की खाड़ी में बने दबाव की वजह से बारिश तेज होने की संभावना है। दो दिन की बारिश से शहर के मुख्य मार्ग एवं निचले इलाकों में जलभराव जैसी स्थितियां निर्मित हुई हैं। हालांकि तेज बारिश की वजह से बाढ़ के जो हालात जुलाई माह में देखे गए वैसी स्थिति खण्ड वर्षा की वजह से नहीं बनती दिखाई पड़ रही है।



बारिश से तर बतर हुई शहर की सड़क।

---

### निःशुल्क आयुर्वेद एक्यूप्रेसर योग चिकित्सा परामर्श शिविर 15 को

**कोरबा।** स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर स्वस्थ भारत समृद्ध भारत अभियान के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत आयुष मेडिकल एसोसिएशन, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, विश्व हिंदू परिषद एवं आरोग्य भारती के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क मधुमेह रक्त शर्करा जांच तथा स्त्री, पुरुष एवं बच्चों के सभी सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य एवं असाध्य रोगों हेतु निशुल्क आयुर्वेद एक्सुप्रेसर योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर 15 अगस्त को पतंजलि चिकित्सालय श्री शिव औषधालय महानदी निहारिका रोड कोरबा में सुबह 11 बजे से मध्यान्ह 2 बजे तक आयोजित किया गया है। शिविर के विषय मे शिविर प्रभारी नेत्रनंदन साहू ने कहा कि इस शिविर में हजारों रोगियों की चिकित्सा का प्रत्यक्ष प्रायोगिक अनुभव रखने वाले प पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित छत्तीसगढ़ प्रांत की ख्यातिलब्ध अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञा नाड़ीवैद्या डॉ.वागेश्वरी शर्मा तथा नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा एवं श्री शिव औषधालय के संस्थापक नाड़ीवैद्य पंडित शिव कुमार शर्मा अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करेंगे। साथ ही शिविर में आये रोगियों की रोगों से संबंधित रोगोपचार हेतु एक्यूप्रेसर पॉइंट की निशुल्क जानकारी तथा उपचार पतंजलि चिकित्सालय श्री शिव औषधालय वेलनेस सेंटर पंचकर्म चिकित्सालय के पंचकर्म एक्यूप्रेसर थेरेपिस्ट डॉ.राजकुमार पटेल द्वारा किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### भोजली विसर्जन में शामिल हुईं नपाप बांकीमोंगरा अध्यक्ष

**बांकीमोंगरा।** प्रदेश भर में रक्षाबंधन पर्व के दूसरे दिन भोजली तिहार मनाया गया। बांकीमोंगरा के विभिन्न स्थानों से हर्षोल्लास के साथ शोभायात्रा निकालकर भोजली विसर्जन किया गया। कुधरीपारा में भोजली तिहार मनाते हुए भोजली विसर्जन किया गया। इस दौरान नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के अध्यक्ष श्रीमती सोनी कुमारी झा भी कुधरीपारा पहुंचकर भोजली विसर्जन में शामिल हुए, और कुछ दुर तक चलकर भोजली दाई को विदा किया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष श्रीमती झा ने कहा कि भोजली तिहार का पर्व छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक एकता वैभव का प्रतीक है। लोग इस अवसर पर मित्रता का अटूट स्थापित करते हैं, छत्तीसगढ़वासियों की गौरवशाली परंपरा में से एक भोजली तिहार है जिसे मीत मितानी का भी त्योहार कही जाती है। इस दौरान श्रीमती राजकुमारी, अश्वनी कुमार मिश्रा, श्रीमती अनिता राजपूत सहित आसपास के लोग शामिल हुए।

### महिला आईटीआई में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 16 तक

**कोरबा।** शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में संचालित व्यवसाय कम्प्यूटर आपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, स्युईंग टेक्नालाजी (कटिंग टेलरिंग) एनसीव्हीटी, एवं एससीव्हीटी स्युइंग टेक्नालाजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए इच्छुक छत्तीसगढ़ में मूल निवासी आवेदक अपने स्तर से अथवा किसी भी लोक सेवा केन्द्र (च्वाईस सेंटर) से वेबसाइट सीजीआईटीआई डाट सीजीस्टेट डाट जीओव्ही डाट इन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण की इस वेबसाईट पर प्रवेश विवरणिका उपलब्ध है जिसे डाउनलोड किया जा सकता है। सत्र 2025 से प्रारंभ होने वाले सत्र में प्रवेश हेतु निर्धारित शैक्षणिक अहर्ता एवं अन्य समस्त जानकारी प्रशिक्षण विवरणिका में उपलब्ध है। ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करने की तिथि 16 अगस्त तक निर्धारित है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए छत्तीसगढ़ द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किया हुआ स्थायी जाति प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

### प्रयास आवासीय में प्रवेश हेतु 19 अगस्त तक आवेदन

**कोरबा।** प्रयास बालक/कन्या आवासीय विद्यालय कोरबा में कक्षा 11 वीं में 20 सीट रिक्त है। इन  होगा। परीक्षा में शामिल होने हेतु कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। साथ ही प्रदेश के संपूर्ण अनुसूचित क्षेत्र में स्थित शासकीय/अशासकीय शालाओं से कक्षा 10 वीं उत्तीण विद्यार्थी हो। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 19 अगस्त है। प्राप्त आवेदन के पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन 20 अगस्त को किया जायेगा। प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 24 अगस्त को प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित की जायेगी। प्रवेश पत्र जारी होने की तिथि 21 अगस्त और परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि 25 अगस्त  निर्धारित की गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा से संपर्क किया जा सकता है।

### हर घर तिरंगा महारैली का आयोजन कल

**कोरबा।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों की अगली कड़ी में 14 अगस्त को शाम 3 बजे हर घर तिरंगा महारैली का आयोजन घंटाघर ओपन थियेटर में किया गया है। उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन आयोजन के मुख्य अतिथि होंगे तथा महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष व जनप्रतिनिधिगण आयोजन में अपनी विशिष्ट उपस्थिति प्रदान करेंगे, जिला प्रशासन ने आमनागरिकों से अपील की हैं कि वे अधिकाधिक संख्या में इस महारैली में भाग लेकर अपनी सहभागिता प्रदान करें। शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन व निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय व जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग के दिशा निर्देशन में जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तिरंगा 2025 कार्यक्रम का वृहद आयोजन किया जा रहा है।

### इन तिथियों पर बंद रहेगा पशुवध कार्य

**कोरबा।** नगर निगम क्षेत्रांतर्गत संचालित समस्त वधशालाओं एवं मांस विक्रय की दुकानों को 15, 16, 20, 27, 28 अगस्त एवं 3, 6, 7 सितम्बर को पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा। इन तिथियों में किसी प्रकार का पशुवध न होगा और न ही मांस का विक्रय होगा। निगम द्वारा 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 16 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी, 20 अगस्त को जैन पर्यूषण पर्व प्रथम दिवस, 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी, 28 अगस्त को जैन पर्यूषण पर्व अंतिम दिवस व क्षमा, 3 सितम्बर को ढोल ग्यारस, 6 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी एवं 7 सितम्बर को जैन पर्यूषण पर्व में सवंत्सरी व उत्तम क्षमा के विशिष्ट अवसर पर पशुवधगृहों व मांस विक्रय की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखने तथा किसी भी प्रकार का पशुवध न करने और न ही मांस का विक्रय करने के निर्देश समस्त पशुवधगृह संचालकों व संबंधित दुकानदारों के दिए गए हैं।

## धान खरीदी के चार माह बाद नहीं मिली समितियों को कमीशन की राशि

# 41 में से 3 समितियों में मिली गड़बड़ी खरीदी का कमीशन रुक गया सभी का

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इस वर्ष धान खरीदी के दौरान जिले के तीन समितियों में गड़बड़ी पाये जाने के कारण चल रही जांच और कोर्ट में मामले की वजह से सभी 41 समितियों की कमीशन राशि रोक दिये जाने से साढ़े तीन सौ कर्मचारियों को वेतन भुगतान की समस्या खड़ी हो गई है। खरीदी को चार माह गुजर चुके हैं उसके बावजूद कमीशन राशि की भुगतान को लेकर कोई पहल नहीं हो रही है।

**खास बात**

- साढ़े तीन सौ कर्मचारियों को वेतन भुगतान करने की खड़ी हुई समस्या

धान खरीदी के दौरान प्रत्येक समितियों में हमाल से लेकर डॉटा एंट्री ऑपरेटर, चौकीदार सहित 5 से 6 कर्मचारियों की सेवाएं ली जाती है। इन समितियों को वेतन भुगतान धान खरीदी के बाद मिलने वाली कमीशन राशि से होता है और खरीदी को चार माह गुजर चुके हैं और अब तक इनके भुगतान को लेकर कोई प्रशासनिक पहल होते नहीं दिख रही है। कमीशन रोके जाने के पीछे जो कारण सामने आया है उसके अनुसार जिले की तीन सहकारी समिति अखरापाली, कुलहरिया और उतरदा में खरीदी के दौरान गड़बड़ियों की शिकायत मिली थी कलेक्टर के आदेश पर जब प्रशासनिक अधिकारियों ने जांच पड़ताल शुरु की तो गड़बड़ियों की पुष्टि हुई और उसके बाद तीनों समिति प्रबंधकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा दी गई और मामला न्यायालय में चला गया और इसके बाद ही कमीशन राशि सभी 41 समितियों को रोक दी गई। जबकि अप्रैल माह के अंत तक खरीदी का मिलान पत्रक विपणन विभाग के द्वारा तैयार कर लिया गया है केवल तीन समितियों का मिलान पत्रक कोर्ट में मामला चलने के कारण रुका हुआ है।



फाइल फोटो

**पहली बार हुई कार्रवाई**

धान खरीदी के दौरान तीन सहकारी समितियों के प्रबंधकों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराने और सभी 41 समितियों के कमीशन राशि रोके जाने की कार्यवाही फिलहाल पहली बार सामने आयी है। प्रशासनिक कार्यवाही होने की वजह से कोई भी समिति प्रबंधक इस मामले को लेकर सामने नहीं आये हैं। इसके पीछे जो कारण बताया जा रहा है वह विभागीय अधिकारियों के द्वारा कोई पहल नहीं करना बताया गया है। जबकि समिति के प्रबंधकों ने कमीशन राशि के लिए अपने स्तर पर विभाग के अधिकारियों को अवगत भी करा चुके हैं।

**30 लाख क्विंटल हुई है खरीदी**

इस वर्ष धान खरीदी के दौरान जिले में 30 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई है। इसके एवज में समितियों को जो कमीशन राशि विपणन विभाग से मिलती है वह 31 रुपए प्रति क्विंटल के दर से मिलती है। इस दृष्टि से सभी 41 समितियों के माध्यम से खरीदे गए धान की कमीशन राशि 9 करोड़ से ज्यादा होती है। इतनी बड़ी कमीशन राशि रोके जाने से सहकारी समितियों के अर्थव्यवस्था गड़बड़ा गई है। समिति प्रबंधकों के सामने अपने कर्मचारियों को वेतन भुगतान करने की समस्या खड़ी हुई है।

**मिलान पत्रक तैयार नहीं**

धान खरीदी में गड़बड़ी के कारण जिले के तीन समितियों का मिलान पत्रक तैयार नहीं हुआ है। शेष समितियों का मिलान पत्रक तैयार हो चुका है लेकिन सभी समितियों के मिलान पत्रक तैयार होने के बाद ही कमीशन राशि का भुगतान किया जाता है।

-ऋतु राज देवांगन,
जिला विपणन अधिकारी

## दुकान में सेंधमारी, चोरों ने हजारों का माल किया पार


जांच पड़ताल करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार थाना अंतर्गत किशन ट्रेडर्स में सोमवार की देर रात लगभग 12 बजे दो अज्ञात चोरों के द्वारा दुकान के पीछे दीवाल व रेक के प्लाई को तोड़कर दुकान के अंदर घुसे और दुकान से बिल पर्ची, कवर, मिक्सिंग मोबाइल, सॉफ्टवेयर, नगदी चिल्लहर पैसा सहित लगभग 40 से 50 हजार रुपए के सामानों को चोरों ने पार कर दिया है।

दुकान संचालक लेखराम राठौर पिता ईश्वर सिंह राठौर रोज की तरह मंगलवार की सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो उसने देखा दुकान में सामान बिखरा पड़ा था और जब अंदर घुसा तो देखा दीवाल को सेंधमारी किया गया है। चोरों की सारी हरकत सीसीटीवी कैमरा फुटेज में देखा गया और दोनों सीसीटीवी कैमरे कैद हो गया।  सूचना मिलते ही हरदीबाजार पुलिस मौका मुआयना कर चोरों की जांच पड़ताल शुरू कर दी है लेकिन इस घटना से दुकान संचालक स्तब्ध हैं। हरदीबाजार में पिछले एक माह में ये तीसरी चोरी है। हरदीबाजार क्षेत्र में दिनों दिन चोरी व लूट की घटना बढ़ती ही जा रही है।

### महिला से अनाचार आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** कोरबी चौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत पीड़िता ने चौकी में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 अगस्त को वह अपने मौसी के घर जाने ग्राम सेंधा से बस पकड़ने के लिए खड़ी थी। उसी समय आरोपी ग्राम बागबुडी चौकी कोरबी निवासी शिव भजन मार्को उम्र 38 वर्ष पिता स्व. मार्को वहां पहुंचा और घर छोड़ने की बात कहकर अपनी स्कूटी में बैठा लिया। आरोपी शिव भजन पीड़िता को रास्ते मे पड़ने वाले मार्टिन जंगल में ले जाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## बाजार भूमि का सीमांकन करने पहुंचे राजस्व अमले का ग्रामीणों ने किया विरोध


सीमांकन के दौरान विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला मुख्यालय से 12 किमी दूर कोरबा तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत नकटीखार के साप्ताहिक बाजार की जमीन का सीमांकन करने पहुंचे राजस्व अमले का पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। जिससे तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। दोपहर बाद ग्राम पंचायत के सरपंच ने राजस्व अमले की शिकायत लिखित में कलेक्टर से की है।

**खास बातें**

- ग्राम पंचायत के सरपंच ने कलेक्टर को की थी लिखित शिकायत
- मामला कोरबा तहसील के ग्राम नकटीखार ग्राम पंचायत का

इस पूरे मामले के अनुसार ग्राम पंचायत नकटीखार में बीते लंबे समय से सड़क किनारे रिक्त पड़ी जमीन पर साप्ताहिक बाजार चलता है। जिसपर आसपास के ग्रामीण और अन्य व्यवसायी अपनी दुकान लगाते हैं। क्षेत्र का यह एक पुराना बाजार है लेकिन पिछले कुछ दिनों से भूमाफियाओं के द्वारा साप्ताहिक बाजार की जमीन में नजर गढ़ा दी गई है और 12 अगस्त को राजस्व निरीक्षक धनेश्वरी कुर्रे एवं ग्राम बरीडीह के पटवारी बजरंग पुलस्त कुल लोगों के साथ मिलकर ग्राम पंचायत नकटीखार में पदस्थ पटवारी अनिरुद्ध राठौर की उपस्थिति में पूर्व से विवादित भूमि का गांव के लोगों को बिना सूचना दिये जबरन बाजार की भूमि का सीमांकन का प्रयास किया गया। विरोध करने पर एफआईआर कराने की धमकी दी गई। सरपंच अमृत लाल उरांव ने बताया कि राजस्व अमले के द्वारा बिना रिकार्ड के सीमांकन किया जा रहा था जिसपर आपत्ति दर्ज की गई है। सरपंच के द्वारा आरआई और बरीडीह पटवारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

### सूने मकान का ताला तोड़ 2 लाख का जेवर पार

**अम्बिकापुर।** जिला अभियोजन निदेशालय कार्यालय में सहायक ग्रेड 1 में पदस्थ बिशुनपुर गढापारा निवासी राजेश कुमार एक्का रक्षाबंधन त्यौहार मनाने 9 अगस्त को घर में ताला लगातार परिवार के साथ गृह ग्राम कुड़केल खजरी गए थे। त्यौहार मनाने के पश्चात दूसरे दिन घर पहुंचे तो देखा मेन गेट का ताला खोला तो अंदर से कुंडी बंद था। बाउंड्रीवाल की सहायता से अंदर गया तो दरवाजा का ताला टूटा तथा कमरे में रखा अलमारी खुला और सामान बिखरे हुए थे। मकान मालिक ने जब अलमारी की तलाशी ली तो पता चला की अलमारी में रखे दो लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवरात सहित अन्य कीमती सामान गायब थे।

### द्वारिकानगर में पति से विवाद पत्नी ने लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** लटोरी पुलिस चौकी के ग्राम द्वारिकानगर निवासी जुगेंद्र यादव की 27 वर्षीया पत्नी रूक्मणी राजवाड़े ने सोमवार की रात को पति से विवाद करने के बाद घर की रसोई में दुपट्टा का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है।परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची लटोरी पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत मामले में मर्ग कायम किया है एवं मामले की विवेचना शुरू की है।

## दुष्कर्म के अलग-अलग मामलों में पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बिहारपुर।** दुष्कर्म करने की तीन अलग-अलग मामलों में पुलिस ने दुष्कर्म करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज न्यायालय पेश किया जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक चांदनी थाना अन्तर्गत एक बालिका ने थाना चांदनी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि घर में कार्यक्रम था जिसमें लोग आए थे। जहां सभी खाकर नाच गा रहे थे। इसी बीच रात में पीड़ाति घर से बाहर निकली थी कि आरोपी रवि इसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दिया।

पीड़िता की रिपोर्ट पर धारा 376(2)(एन), 506 व पास्को एक्ट की धारा 6 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। वहीं दूसरे मामले में बालिका ने थाना चांदनी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी नवल रात्रि में घर आया और बात करने की बात कहकर जंगल में ले जाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और डराया धमकाया। पीड़िता की रिपोर्ट पर धारा 64(2)(एन), 351(2) व पास्को एक्ट की धारा 6 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। तीसरे मामले में पीड़ति बालिका ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि घर के बगल में एक कार्यक्रम चल रहा था जहां गई थी। रात को आरोपी रघुवीर बोला कि कोई बाहर बुला रहा है और झूठ बोलकर पीड़ाति को बाहर भेज कर उसे जबरन दूर ले गया जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़ाति की रिपोर्ट पर धारा 376(2)(एन), 506 व पास्को एक्ट की धारा 6 के तहत मामला दर्ज किया। इधर घटना की जानकारी लगने पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने गंभीरतापूर्वक आरोपियों को जल्द पकड़ने पुलिस टीम गठित कर लगाया। पुलिस टीम लगातार आरोपियों की तलाश में लगी थी।  इसी बीच आरोपियों के गांव-जंगल में जगह बदल-बदल कर छुक-छिपकर रहने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपियों के गांव में घेराबंदी कर आरोपी रवि सिंह (22 वर्ष), नवल सिंह (19 वर्ष), रघुवीर सिंह (20 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने दुष्कर्म करने की बात कबूल की। कार्रवाई में चांदनी थाना प्रभारी प्रदीप सिदार, प्रधान आरक्षक इशित बेहरा, मनोज वर्मा, आरक्षक कुलदीप तिग्गा, अब्दुल व रणबीर सिंह सक्रिय रहे।



## जमीन में सो रहे युवक को सर्प ने डसा, मौत


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक बीती रात को अपने घर पर जमीन पर सोया हुआ था इस दौरान करैत नामक सर्प ने उसे डस लिया जब परिजनों को पता चला तो परिजनों ने उसे उपचार के लिए सुबह मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रीवाबहार निवासी रामलाल सोनवानी उम्र 43 वर्ष पिता टिकैत राम सोनवानी सोमवार की रात खाना खाकर अपने घर में जमीन में सोया हुआ था इसी दौरान सुबह लगभग 4:30 बजे करैट नामक सर्प ने रामलाल सोनवानी को डस लिया। सांप के डसते ही रामलाल ने जोर से आवाज लगाई जिसके बाद परिजन नींद से जाग गए और उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल लाने के लिए संजीवनी 108 को बुलाया गया लेकिन 2 घंटे तक संजीवनी की टीम नहीं पहुंची जिसके बाद सुबह लगभग 8:15 बजे संजीवनी की टीम उसे अस्पताल लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंची जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**कोरबा।** बानको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनपुरी निवासी भुवनेश्वर कुमार 25 वर्ष पिता हेमराज अपने एक अन्य साथी के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने गांव से बालको की ओर जा रहा था कि अजगरबहार के समीप वह सड़क हादसे का शिकार हो गया था। गंभीर रूप से घायल भुवनेश्वर को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान भुवनेश्वर की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसा कैसे और किन परिस्थितियां में हुई है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।




## संसाधन नहीं मिले तो पटवारी करेंगे ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राजस्व विभाग के मैदानी अमले के प्रमुख कड़ी माने जाने वाले पटवारियों को आवश्यक संसाधन नही मिलने के कारण विभागीय कार्यों में आ रही तकनीकी परेशानियों को देखते हुए राजस्व संघ के द्वारा राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव को पत्र प्रेषित कर 16 अगस्त से विभाग के ऑनलाइन कार्यों के बहिष्कार की चेतावनी दी है। संघ ने बीते 1 अगस्त को विभागीय सचिव को पत्र भी प्रेषित किया था जिस पर निर्णय नहीं होने के कारण संघ ने बहिष्कार का निर्णय लिया है।

**खास बात**

- राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग को संघ ने सौंपा ज्ञापन

संघ के प्रांत अध्यक्ष भागवत कश्यप ने बताया कि वर्तमान में राजस्व विभाग के समस्त कार्य ऑनलाइन संपादित किए जा रहे हैं। वर्ष 2017 से सभी अभिलेखों को ऑनलाइन करने हेतु भुईयां साफ्टवेयर लाया गया है। भुईयां के माध्यम से आम जनता को बी वन, नक्शा, खसरा आदि सुगमता से मिल रहे हैं। शासकीय भूमि की जानकारी, फसल की जानकारी एवं नामांतरण की भी सुगमता से मिल रहे हैं। इसके अतिरिक्त शासन की विभिन्न योजनाओं, जीयो रिफ्रेसिंग आदि मोबाइल ऐप के माध्यम से किए जा रहे हैं। इन सभी आवश्यक योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु पटवारियों के पास आवश्यक संसाधन कम्प्युटर, मोबाइल इंटरनेट एवं कार्यालय तक की सुविधा नहीं दी गई है जिससे कार्य प्रभावित हो रहे हैं और ना ही संसाधन भत्ता दिया जाता है। इन सभी समस्याओं को देखते हुए शासन को 15 अगस्त तक का समय दिया गया है। इस अवधि में अगर संसाधन नही मिलते हैं तो 16 अगस्त से ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार किया जाएगा।

